नयनसुख आय ड्रॉप प्राकृतिक जड़ी बूटीयो से बना आयुर्वेदिक योग है। जो ब्लूलाईट के हानिकारक विकिरण तथा वायु प्रदूषण से आंखो को सुरक्षा प्रदान करता है। इसमें उपस्थित गुलाब पत्र का अर्क अपने शीतल गुण द्वारा आंखो को दैनिक तनाव तथा जलन से राहत प्रदान करता है। पुनर्नवा, तुलसी, भृंगराज एवं चक्षुष्य जैसे घटक अपने एंटी–आक्सीडेंट गुण द्वारा आंखो की सूजन को कम कर नेत्र कला तथा कोशिकाओ के स्वास्थ्य का वर्धन करते है। टंकण दर्दनाशक एवं जीवाणुविरोधी प्रभावयुक्त है। साथ ही कर्पूर और पोटेशियम एल्यूमिनियम सल्फेट आंखो को आर्द्रता तथा शीतलता प्रदान करते है। नयन सुख आय ड्रॉप का इस्तेमाल करने से तुरंत नेत्रदाह कम होकर, नेत्रो का तनाव क्षणों में कम हो जाता है तथा नेत्र स्राव बढ़ जाने से नेत्रों में उपस्थित दूषित द्रव्यों का परिमार्जन हो जाता है। नयनसुख ड्रॉप का नियमित प्रयोग नेत्रों को शीतल, तनावरहित एवं स्वच्छ बनाए रखता है।

संयोजन

प्रत्येक १०मि.लि. नयनसुख आय ड्रॉप में: गुलाब (पत्र) रस ४००मि.ग्रा., ऐलोवेरा (पत्र) रस ५०मि.ग्रा., दारुहल्दी (जड़) १५०मि.ग्रा., भृंगराज (पंचांग) २००मि.ग्रा., तुलसी (पत्र) २००मि.ग्रा., पुनर्नवा (मूल) २००मि.ग्रा., नीम (पत्र) १००मि.ग्रा., चक्षुष्य (बीज) २००मि.ग्रा., टंकण (पाउडर) ३०मि.ग्रा., कर्पूर १५मि.ग्रा. फिटकरी १५मि.ग्रा., अन्य घटक द्रव्य (यथावश्यक)।

उपयोग

• स्वस्थ आँखों के लिए: १–२ बुँदें आँखों में दिन में दो बार डाले • शुष्कता और जलन: १–२ बुँदें आँखों में दिन में ३–४ बार डाले • कंप्युटर के या मोबाइल उपयोग के बाद: १ बुँद आँखों में डाले।

मार्गदर्शन

• **स्वस्थ आँखों के लिए:** नयनसुख आय ड्रॉप्स का उपयोग करे • **आँखों में जलन/कफ व सर्दी में:** नयनसुख औंर पंचतुलसी लोज़ेन्जेस का उपयोग करे।

Presentation: 10ml

KEY INGREDIENT(S)

Gulab
Rosa centifolia

- आँखों की जलन, थकान में आराम दिलाने एवं आँखों का स्वास्थ्य बनाए रखने में सहायक
- आँखों को बाहरी संक्रमण से बचाए रखने के लिए प्राकृतिक आयुर्वेदिक योग

SwasthVed®
SAPIENCE FOR NATURAL HEALTH

नयनसुख आय ड्रॉप्स

नेत्र दाह तथा तनावग्रस्त नेत्रों को तुरन्त राहत दे

नयनसुख आय ड्रॉप्स नियमित प्रयोग करने से हानिकारक नीली किरणों (जो एल. ई. डी., स्मार्ट फोन आदि आधुनिक गैजेट से निकलती है) के आघात से बचाव पाएं; कॉरनियल कन्जेशन तथा शुष्क नेत्र में प्राकृतिक आराम पाएं।

NATURAL AID FOR VISION PIGMENTS • REDUCES EYE STRAIN •

विज़नएड कैप्सूल

नेत्र स्वास्थ्य के संरक्षण हेतु दुर्लभ पोषण

नेत्र हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अवयव है। आज के आधुनिक युग में टी.वी., कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन इत्यादि उपकरणों से निकलने वाली ब्लू लाइट से सम्पर्क में आने के कारण कम उम्र में हमारी आंखे क्षतिग्रस्त हो जाती है। यह ब्लू लाइट हमारी शरीर की प्राकृतिक सर्केडियन लय को बाधित करती है। साथ ही इन डीजीटल उपकरणो को उपयोग के दौरान आखों के अत्याधिक निकट रखने के कारण आंखो में थकान, नेत्रदाह एवं आंखो की रोशनी कम होने लगती है। यद्यपि ऐसा माना जाता है कि नेत्र की रोशनी आयु बढ़ने के साथ कमजोर होती जाती है।

हालांकि, हानिकारक ब्लू लाइट के कारण हुई क्षति की भरपाई करने के लिए, व्यक्ति को 'रंग–बिरंगी' सब्जियों का सेवन करना चाहिए। इन वर्णकों को विविध प्रकार के कैरोटोनोयड्स कहा जाता है। परंतु कई लोग दैनिक रंग–बिरंगी सब्जियों का सेवन नहीं कर पाते। इसलिए प्राकृतिक कैरोटोनोयड्स और फाइटोन्युट्रिएंट्स प्रदान करने वाले एक दैनिक पूरक का होना अत्यंत आवश्यक है।

समाधान

डेल्टास विज़नएड कैप्सूल एक वैज्ञानिक सूत्र है जिसमें दुर्लभ पौधों से प्राप्त कैरोटोनोयड्स के गुण हैं। यह आधुनिक युग में उपयोग किए जाने वाले डिजिटल उपकरणों से निकलने वाली ब्लू लाइट के कारण आंखों को हुए क्षति की क्षतिपूर्ति हेतु आवश्यक है। ये दृष्टि को तनाव मुक्त बनाने और आंखों के लिए सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए बेहद अनिवार्य पोषक तत्व प्रदान करते हैं।

उत्पाद

डेल्टास विज़नएड कैप्सूल शक्तिशाली एंटी–ऑक्सीडेंट जड़ी–बूटियों का एक अनोखा मिश्रण है जो वनस्पति आधारित विटामिन ए अथवा आँखों के लिए ज़रुरी विटामिन प्रदान करते है जो कि बेहतर दृष्टि और सर्वोत्तम नेत्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक होता है। पौधों से प्राप्त फ्लेवोनोयडस् आंख को नमी प्रदान करने में सहायता करते हैं और मोतियाबिंद और ग्लूकोमा जैसी नेत्र समस्याओं से आंखों की रक्षा करते हैं। संतरे, गाजर और पालक से प्राप्त कैरोटीनॉयडस् जैसे झियाझॅन्थिन और ल्युटिन, नेत्र मांसपेशियों के नष्ट होने के खतरे को कम करते है। ये मानव रेटिना के पीले भाग में पाये जाने वाले मुख्य पिगमेंट का निर्माण करते है जो ब्लू लाइट के कारण मैक्युला को किसी प्रकार का नुकसान पहुँचने से रक्षा करता है और हानिकारक मुक्त कणों को कम करता है। यशद भस्म को इम्यूनोमॉड्यूलेटर कहा जाता है जो कि आंखों की ऑटोइम्यून रोगों से रक्षा करता है। आमला का प्राचीन काल से आयु बढ़ाने के रसायन के रूप में प्रयोग होता रहा है और यह आंखों के रसायन के रूप में कार्य करता है।

यह योग आंखों की ब्लू लाइट से रक्षा करता है, सूजन व लालिमा कम करती है, मृत कोशिकाओं को दूर कर सर्वोत्तम नेत्र स्वास्थ्य सुनिश्चित करती है।

संघटन

प्रत्येक ५००मि.ग्रा. विज़नएड कैप्सूल में निम्न सामग्री शामिल हैः आमला फल १००मि.ग्रा., ज्योतिष्मती बीज ५०मि.ग्रा., संतरा सूखा फल ५०मि.ग्रा., गाजर जड़ ५०मि.ग्रा., पालक पत्तियाँ ५०मि.ग्रा., मटरे बीज ५०मि.ग्रा., यशद भस्म २०मि.ग्रा., (अन्य घटकः यथावश्यक)

उपयोग

२ कैप्सूल प्रतिदिन पहले दो महीने तक इसके बाद १ कैप्सूल प्रतिदिन भोजन के बाद या चिकित्सक के परामर्श से प्रयोग करें।

निर्देश

• **सामान्य नेत्र स्वास्थ्य के लिएः** डेल्टास विज़नएड कैप्सूल को नयनसुख आय ड्रॉप और व्हीटग्रास टैबलेट के साथ प्रयोग करें • **नया चश्मा लगने वाले व्यक्तियों के लिएः** डेल्टास विज़नएड कैप्सूल को नयनसुख आय ड्रॉप और स्पिरुलिना टैबलेट के साथ प्रयोग करें • **सूखी आंखों और पलकों में अक्सर खुजली के लिएः** डेल्टास विज़नएड कैप्सूल को नयनसुख आय ड्रॉप के साथ प्रयोग करें • **कंप्यूटर पर घंटों तक काम करने और देर तक पढ़ने के बादः** डेल्टास विज़नएड कैप्सूल को नयनसुख आय ड्रॉप के साथ प्रयोग करें।

Presentation: 60 Capsules

KEY INGREDIENT(S)

Aamla
Emblica officinalis

Orange
Citrus reticulata

- दृष्टि विकार वालों के तनाव को कम करने एवं आँखों का स्वास्थ्य में सहायक
- सूखी आँखों में नमी बनाए रखने और पलकों में होने वाली लगातार जलन को कम करने में सहायक
- लगातार कंप्यूटर पर काम करने एवं ज़्यादा लंबे सत्र तक पढ़ने के कारण आँखों में होने वाली थकान को कम करने में सहायक

SwasthVed®
SAPIENCE FOR NATURAL HEALTH

विज़नएड कैप्सूल

हानिकारक नीली किरणों से नेत्रों की दैनिक सुरक्षा के लिए दुर्लभ फायटोन्यूट्रिएंट्स का योग

विज़नएड कैप्सूल, दुर्लभ वनस्पति आधारीत रंजक द्रव्य जैसे झियाझॅन्थिन, ल्यूटिन, फ़ायकोसायनिन से परिपूर्ण; प्रकाश के उपकरणों से निकलने वाली नीली किरणों से क्षतिपूर्ति करे, तनाव मुक्त दृष्टि और योग्य नेत्र स्वास्थ्य प्रदान करे।

HERBS WITH LITHOTRIPTIC ACTION • PREVENTS RECURRENCE •

स्टोनकेयर–एसएफ सस्पेंशन

अश्मरी के लक्षणों से राहत दिलाने वाला शर्करारहित आयुर्वेदिक योग

किडनी के कैलकुलस को पथरी के नाम से भी जाना जाता है, और आज इससे विश्व की लगभग १०% जनसंख्या प्रभावित है। यह ३० से ४० वर्ष आयु के पुरुषों में बहुत सामान्य है। कमर में दर्द, बार–बार पेशाब लगना, बेचैनी, उल्टी और अधिक पसीना इत्यादि पथरी के लक्षण है।

कई बार पथरी के कारण मूत्राशय में मूत्र का अवरोध होकर, जीवाणुओं का संक्रमण हो जाता है। जिससे बाद में पेशाब करते समय जलन और दर्द होता है। यह पेशाब के पीएच को प्रभावित कर असहनीय दर्द और असुविधा उत्पन्न करता है।

मधुमेह के मरीजों में पथरी बहुत सामान्य रोग है, अधिकांश समय मधुमेही रोगीयों में उच्च शर्करा के कारण सिरप के रुप में औषधी नहीं दी जाती। अतः एक एसे शर्करा रहित योग की आवश्यकता है जो पथरी पर आवश्यक उपचार प्रदान करने के साथ–साथ मधुमेह से पीड़ित रोगीयों के लिए सुरक्षित समाधान सिद्ध हो।

समाधान

स्टोनकेयर–एसएफ सिरप एक शर्करा रहित संघटन है जो मूत्र निस्सरण के समय होने वाली जलन के साथ–साथ यू.टी.आइ. (मूत्रमार्ग के संक्रमण) के लक्षणो से भी राहत दिलाता है। यह योग शरीर में पथरी के क्रिस्टल बनने की प्रक्रिया की रोकथाम करता है। साथ ही कई बार मूत्र की मात्रा बढ़ाकर, पथरी के क्रिस्टल को शरीर से बाहर निकालने में सहायक है।

उत्पाद

स्टोनकेयर–एसएफ में शामिल जड़ी–बूटियाँ अपने एंटी– लिथैटिक (पथरी का बनना रोकते) और लिथोट्रिप्टिक (पथरी को घुलाकर खत्म कर देने वाले) गुणों से भरपूर है। पाषाण भेद और वरुण जैसी जड़ी–बूटियों को मूत्र में पथरी के क्रिस्टल निर्माण करने वाले रसायनों जैसे ऑक्ज़ेलिक एसिड और कैल्शियम हाइड्रोक्सीप्रोलीन के एकत्र होने से रोकने के लिए जाना जाता है। अतः यह किडनी में क्रिस्टल बनने से रोकती है।

मुलिकक्षार, कुलथी जैसी जड़ी–बूटियाँ लिथोट्रिप्टिक गुणो के कारण, क्रिस्टलों को आपस में जोड़ने वाले म्युसिन को घुला देती है। इसके अलावा, गोक्षुर और पाषाण भेद छोटे क्रिस्टल का मूल से निस्सारण करने का कार्य करते है। इसके साथ ही यह संयोजन मूत्र पी.एच.स्तर को सामान्य करता है और पेशाब के दौरान होने वाली जलन से राहत देता है। इसके एंटीमाइक्रोबियल गुण रोगाणुओं से लड़ने में मदद करते है। अपनी शर्करा रहित प्रकृति के कारण यह मधुमेह रोगियों के लिए उपयोग की जा सकती है।

संघटन

प्रत्येक १०मिलीलीटर स्टोनकेयर–एसएफ सस्पेंशन में शामिल हैं: कुलथी बीज ५०मि.ग्रा., वरुण छाल ५०मि.ग्रा., अगस्त्य पत्ती ५०मि.ग्रा., मुलिक्षार क्षार ५०मि.ग्रा., गोक्षुर फल ५०मि.ग्रा., पाषाण भेद जड़ ५०मि.ग्रा., शिग्रु पत्तियाँ ५०मि.ग्रा., टिनिशा/बनाबा पत्तियाँ ५०मि.ग्रा., असमबहेड़ा बीज ५०मि.ग्रा., अपामार्ग सूखा पौधा ५०मि.ग्रा., गोरखमुंडी की सूखा पौधा ५०मि.ग्रा., सुध शिलाजीत सूखा पीब ३०मि.ग्रा., पुनर्नवा सूखी जड़ ३० मि.ग्रा., छारिला पंचांग ३०मि.ग्रा., अन्य घटक (यथावश्यक)।

उपयोग

• पेशाब में जलन के लिए: दिन में ३ बार १०–२०मि.ली. लें • कम पेशाब होने के स्थिति में: दिन में २ बार ३०मि.ली. लें • कैलकुलस से राहत के लिए: दिन में ३ बार ३०मि.ली. लें • पेशाब कम होने पर: दिन में २ बार २०मि.ली. लें • पथरी की पुनर्वृत्ति रोकने के लिए: दिन में ३ बार 10मि.ली. लें • मूत्र मार्ग में संक्रमण के लिए: एंटीबायोटिक्स के साथ दिन में २ बार २०मि.ली. लें।

निर्देश

• **पेशाब में जलन के लिए:** स्टोनकेयर–एसएफ के साथ एलोवेरा/आमला जूस का प्रयोग करें • **पेशाब कम होने पर:** स्टोनकेयर–एसएफ के साथ डायकेयर रस का प्रयोग करें • **कम पानी पिने वाले लोगों के लिए:** स्टोनकेयर–एसएफ के साथ एलोवेरा जूस लें • **महिलाओं में यूटीआई:** स्टोनकेयर–एसएफ के साथ वी–हायजीन वॉश का प्रयोग करें।

Presentation: 200ml

KEY INGREDIENT(S)

Varun
Crataeva nurvala

Kulathi
Dolichos biflorus

- गुर्दे में अवांछित कणों को कम करते हुए, स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए दुर्लभ जड़ी बूटियों का आयुर्वेदिक योग
- पेशाब में जलन, तरल पदार्थ का सेवन कम करने के कारण, कम पेशाब आने की समस्या को दूर करने में सहायक
- मूत्राशय में होने वाले संक्रमणों की पुनरावृत्ति की समस्या के लिए प्राकृतिक आयुर्वेदिक योग

SwasthVed®
SAPIENCE FOR NATURAL HEALTH

स्टोनकेयर–एसएफ सस्पेंशन

मूत्रोत्पत्ति को बढ़ाकर क्रिस्टल के निष्कासन में सहायक, क्रिस्टल के गठन की रोकथाम करे

स्टोनकेयर–एसएफ, मूत्रोत्पत्ति बढ़ाकर, अश्मरी के निष्कासन में सहायक। क्षारीयता का नियमन कर, मूत्रनिस्सरण के दौरान होने वाली जलन को कम करे, साथ ही अश्मरी के गठन की रोकथाम करे। मधुमेह के रोगी में होने वाले अश्मरी के लिए अनुपान के रुप में उपयोगी।

एक्टिव थर्मोजेनिक जूस

बढ़ी हुई रक्त शर्करा एवं मधुमेह के पूर्वावस्था में सहायक आयुर्वेदिक योग

हमारे शरीर में स्थूलता के कारण मधुमेह, हृदय रोग, संधिवात, बांझपन तथा कई अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न हो सकते है। मोटापे का नियमन करने के लिए आहार, व्यायाम के साथ साथ मेद पाचन की प्रक्रिया बढ़ाने वाले द्रव्यो का उपयोग अत्यावश्यक होता है। दुर्भाग्यवश अधिकांश थर्मोजेनेटिक विकल्प असात्मय होने के कारण शरीर के लिए सुरक्षित नहीं है। इसलिए एक ऐसे सात्मय मेद पाचक उपाय की आवश्यकता है जो शरीर के लिए शक्तिशाली होने के साथ साथ योग्य उर्जा निर्माण करे और भार का नियमन करने में भी सहायक हो।

उपाय

थर्मोजेनिसिस की प्रक्रिया में शरीर के मेद का योग्य पाचन कर आवश्यक उर्जा निर्मिती की जाती है। डेल्टास एक्टिव थर्मोजेनिक जूस, थर्मोजेनिसिस की प्रक्रिया करने वाली प्राकृतिक जड़ी बूटीयों से बना प्रोडक्ट है, जो मेद का पाचन कर शरीर भार नियमन में सहायक होती है।

इसके घटक द्रव्यो में उपस्थित स्टेम सेल एक्टिवेटर काम्प्लेक्स मेद के पाचन को सुधारकर, चय–अपचय की क्रिया को सामान्य करते है और योग्य उर्जा निर्मिती कर थकान को कम करते है। साथ ही यह प्राकृतिक एंटी–ऑक्सीडेंट के रुप में उपयोगी है।

उत्पादन परिचय

गहन अनुसंधान करते हुए प्राकृतिक जड़ी बूटीयों के योग से चयापचय को सामान्य करने के लिए डेल्टास एक्टिव थर्मोजेनिक जूस का निर्माण किया गया है। इसका नियमित रुप से उपयोग करने पर शरीर की थकान कम होकर रोजमर्रा की गतिविधियों में स्फूर्ती आ जाती है।

इसमें पाए जाने वाला घटक द्रव्य गिलोय एंटी–ऑक्सीडेंट गुण से कोशिकाओं का स्वास्थ्य रक्षण करता है और चयापचय की प्रक्रिया के दौरान बनने वाले विष (मॅटोबोलिक टॉक्सीन) को शरीर से बाहर निकालता है। कोकम और गुग्गुल चयापचय प्रक्रिया का नियंत्रण कर शरीरगत मेद को कम करने में सहायक है। गुड़मार रक्तशर्करा का नियंत्रण कर, कोशिकाओं को अत्याधिक रक्तशर्करा के कारण होने वाली क्षति से सुरक्षा प्रदान करती है। त्रिफला पाचन को बढ़ाकर मोटापा कम करने में मदद करती है।

इन सभी जड़ी बूटीयों की मदद से थर्मोजेनिक जूस (BMI) का नियमन करते हुए शरीरगत मेद का पाचन कर, मोटापे पर नियंत्रण करने में मदद करता है। साथ ही शरीरगत थकान को कम कर, एंटी–आक्सीडेंट होने के कारण शरीर की कोशिकाओं को क्षति से बचाता है।

संयोजन

प्रत्येक १०मि.ली. एक्टिव थर्मोजेनिक जूस में निम्न घटक द्रव्य हैं: त्रिफला २०%:, घृतकुमारी (पत्र सार) १०%, कोकम (फल रस) ४०%, अमृता (बूटी) १०%, गुड़मार (पत्र सार) १०%, गुग्गुल ८%, अन्य घटक द्रव्य (यथावश्यक)।

उपयोग

प्रत्येक ३०मि.ली. रात्रि भोजनोपरान्त या फिर चिकित्सक के परामर्शानुसार लें।

निम्नलिखित स्थितीयों में नियमित ले:

• अत्याधिक स्थूलता: ३०मि.ली. दिन में २ बार भोजन से पहले ले • मधुमेह: नियमित रुप से ३०मि.ली. दिन में २ बार भोजन से पहले ले • रक्तचरबी की अधिकता: नियमित रुप से ३०मि.ली. दिन में २ बार भोजन से पहले ले • किशोरावस्था में: ३०मि.ली. रात्रि भोजनोपरान्त ले • अपूर्ण भोजन लेने वाले: ३०मि.ली. रात्रि भोजनोपरान्त ले • मॉडलिंग करने वाले: ३०मि.ली. रात्रि भोजनोपरान्त ले • व्यायाम करने वाले: ३०मि.ली. रात्रि भोजनोपरान्त ले • अल्प क्रिया वाली जीवनशैली: ३०मि.ली. रात्रि भोजनोपरान्त ले।

मार्गदर्शन

• **अत्याधिक स्थूलता:** थर्मोजेनिक हर्बल टी और ऐलोवेरा जूस के साथ ले • **मधुमेह:** थर्मोजेनिक स्लिम कैप्सूल और डायकेयर टैबलेट के साथ ले • **रक्तगत मेद की अधिकता:** थर्मोजेनिक हर्बल टी और थर्मोजेनिक स्लिम कैप्सूल के साथ ले • **किशोरावस्था में:** थर्मोजेनिक हर्बल टी और डायकेयर सिरप के साथ ले • **मॉडलिंग करने वाले:** थर्मोजेनिक हर्बल टी और ऐलोवेरा जूस के साथ ले • **व्यायाम करने वाले:** थर्मोजेनिक हर्बल टी और नाइटमैक्स रस के साथ ले • **संधिवात (आर्थराइटिस):** थर्मोजेनिक स्लिम कैप्सूल और जोड़ाराम टैबलेट के साथ ले।

Presentation: 500ml

KEY INGREDIENT(S)

Kokum
Garcinia cambojia

Triphala
Emblica officinalis, Terminalia chebula, Terminalia bellerica

- शरीर में बढ़ी हुई वसा को कम करने, पेशेवर कसरत करने वालों के लिए गठीला शरीर बनाए रखने में सहायक
- रक्त शर्करा एवं कोलेस्ट्रोल स्तर के संतुलन में सहायक

SwasthVed®
SAPIENCE FOR NATURAL HEALTH

एक्टिव थर्मोजेनिक जूस

बच्चों एवं बड़ो के वज़न के संतुलन के लिए जड़ी–बूटीयों का अनुभूत योग

डेल्टास थर्मोजेनिक जूस, जड़ी–बूटीयों के सार से सम्पन्न, फैट का पाचन कर उत्साह का संचार करे; शरीर से आलस्य और थकान को दूर कर, पाचनक्रिया को नियमित कर, एंटी–ऑक्सीडेंट की परिपूर्ति करे।

एक्टिव थर्मोजेनिक स्लिम कैप्सूल

वज़न संतुलन बनाये रखने के लिए, जड़ी–बूटीयों के उचित सार का अनुभूत योग

मोटापे पर नियंत्रण करने के लिए योग्य आहार तथा सम्यक व्यायाम अत्यावश्यक होते है। परंतु नियमित पथ्य आहार तथा योग्य स्वरुप का व्यायाम सभी लोगो के लिए सम्भव नहीं होता है। उसमें भी व्यायाम विशेष रुप से ज्यादातर लोगों के लिए कष्टकारी होता है क्योकि शुरुआती दौर में व्यायाम से मांसपेशिओं को क्षति होने से सतत दर्द एवं थकान महसूस होती है। अतः मांसपेशियों की क्षति को कम कर, शरीर में मेद पाचन की प्रक्रिया को उत्तेजित कर उर्जा निर्माण करने वाले (थर्मोजेनेसिस) प्राकृतिक योग की आवश्यकता है।

उपाय

थर्मोजेनेसिस की प्रक्रिया में शरीर के मेद का योग्य पाचन कर आवश्यक उर्जा निर्मिती होती है। डेल्टास थर्मोजेनिक स्लिम कॅप्सूल में मौजूद वनस्पति आधारित अमीनो एसिड और फ्लेवोनॉयडस्, फ्री रेडिकल्स से होने वाली क्षति को कम कर, शरीर कोशिकाओं की क्षरण प्रक्रिया को धीमा करते है। साथ ही शरीरगत मेद का पाचन कर, यह प्राकृतिक जड़ी–बूटीयो से बना योग पूर्ण रुप से शर्करारहित है, एवं मधुमेह के पूर्व लक्षणो तथा मधुमेह के रुग्णो में मोटापा कम करने में सहायक है।

प्रोडक्ट परिचय

डेल्टास थर्मोजेनिक स्लिम कैप्सूल उचित व्यायाम और आहार के साथ शरीरगत मेद का चयापचय बढ़ाकर, मोटापे का नियंत्रण करने में सहायक है। गहन अनुसंधान करते हुए प्राकृतिक जड़ी.बूटीयो के योग से इसका निर्माण किया गया है। इसका नियमित रुप से उपयोग करने पर शरीर की थकान कम होकर रोजमर्रा की गतिविधि के लिए स्फूर्ति आ जाती है। इसमें पाए जाने वाले घटक द्रव्य कोकम और गुग्गुल रक्तगत मेद को कम करने में सहायक है।

नारंगी अपने एंटी–ऑक्सीडेंट गुण के द्वारा कोशिकाओं के स्वास्थ्य का रक्षण कर, चयापचय के दौरान बनने वाले विष को शरीर से बाहर निकालता है। कॉफी और सुंठी रक्तशर्करा का नियंत्रण कर, कोशिकाओं को अत्याधिक रक्तशर्करा के कारण होने वाली क्षति से सुरक्षा प्रदान करती है। सुंठी चयापचय तथा मेद पाचक गुण के लिए जानी जाती है। यह पचन को सुधारकर, मोटापे पर नियंत्रण करने में सहायक है। घटक द्रव्य कोकम (HCA) से परिपूर्ण है साथ ही यह हमारी भूख को प्राकृतिक रुप से कम कर, स्थूलता को कम करने में सहायक है; तथा शरीरगत मेद का पाचन और चयापचय बढ़ाता है। पिप्पली, मरिच और अदरक थर्मोजेनेसिस को बढ़ाकर, मेद विघटन करते है। उपरोक्त घटक द्रव्यो के गुणो से मेद पाचन कर, शरीर उर्जा का विकास कर, थर्मोजेनिक कैप्सूल शरीरगत थकान और स्थूलता को कम कर, रोजमर्रा की गतिविधियों के लिए स्फूर्ति प्रदान करती है।

संयोजन

प्रत्येक ५००मि.ग्रा., एक्टिव थर्मोजेनिक स्लिम कैप्सूल में निम्न घटक द्रव्य हैं:
कोकम १००मि ग्रा, नारंगी ५०मि.ग्रा., पिप्पली १५मि.ग्रा., मिरी १५मि.ग्रा., शुंठी १५मि.ग्रा., कॉफी ३० मि.ग्रा., गुग्गुल २५मि.ग्रा., अन्य घटक द्रव्य (यथावश्यक)।

उपयोग

उपयोग पद्धतिः उत्कृष्ट प्रभाव के लिए नियंत्रित आहार व सम्यक व्यायाम के साथ ले। शुरुआत में २ कैप्सूल दिन में २ बार, ४ सप्ताह तक ले। इसके पश्चात १ कैप्सूल दिन में २ बार भोजन से पहले लें या चिकित्सक के परामर्शानुसार ले • अत्याधिक स्थूलताः ५–६ माह तक नियमित रुप से ले • मधुमेहः नित्य नियमित रुप से ले • रक्तचरबी की अधिकताः ३–४ माह तक नियमित रुप से ले • किशोरावस्था मेंः दिन में एक बार ले • ठीक भोजन ना कर पाने वाले/अपूरक भोजन करने वालेः दिन में एक बार ले • मॉडलिंग करने वालेः दिन में एक बार ले • व्यायाम करने वालेः दिन में दो बार ले • अल्प क्रिया वाली जीवनशैलीः दिन में एक बार ले। थर्मोजेनिक स्लिम कैप्सूल सामान्य रुप से भोजन के पहले लेना योग्य होता है।

मार्गदर्शन

• **अत्याधिक स्थूलताः** थर्मोजेनिक हर्बल टी और ऐलोवेरा जूस के साथ ले • **मधुमेहः** थर्मोजेनिक जूस और डायकेयर टैबलेट के साथ ले • **रक्तचरबी की अधिकताः** थर्मोजेनिक हर्बल टी और थर्मोजेनिक जूस के साथ ले • **किशोरावस्था मेंः** थर्मोजेनिक हर्बल टी और डायकेयर सीरप के साथ ले • **मॉडलिंग करने वालेः** थर्मोजेनिक हर्बल टी और ऐलोवेरा जूस के साथ ले • **व्यायाम करने वालेः** थर्मोजेनिक हर्बल टी और नाइटमैक्स रस के साथ ले • **आर्थराइटिसः** थर्मोजेनिक जूस और जोड़ाराम टेबलेट के साथ ले।

Presentation: 2X30 Capsules

KEY INGREDIENT(S)

Narangi
Citrus aurantium

- शरीर में बढ़ी हुई वसा को कम करने, पेशेवर कसरत करने वालों के लिए गठीला शरीर निर्माण में सहायक
- रक्त शर्करा एवं कोलेस्ट्रोल स्तर के संतुलन में सहायक

SwasthVed®
SAPIENCE FOR NATURAL HEALTH

एक्टिव थर्मोजेनिक स्लिम कैप्सूल

उत्साहभरी जीवनशैली, फैट के चयापचय,योग्य पाचन और स्थूलता से होने वाले रोगप्रतिरोधकता के लिए गुणकारी योग

डेल्टास थर्मोजेनिक कैप्सूल स्थूलता (मोटापा) से होने वाले रोगों से बचाव करने के लिए विशेष योग है; भूख को नियमित कर, फैट का पाचन करते हुए वज़न का संतुलन बनाये रखने के लिए गुणकारी औषधि योग।

SUPPORT IN HYPERGLYCEMIA • PREVENTS B-CELL STRESS •

डायकेयर रस

बढ़ी हुई रक्त शर्करा एवं मधुमेह के पूर्वावस्था में सहायक आयुर्वेदिक योग

पिछले दो दशको में भारत ने बहुत तेजी से प्रगति की है। इस प्रगति के साथ हमारे देश और हमारे रहन सहन व खान पान में कई बदलाव आए हैं। तेजी से बढ़ते शहरीकरण और बढ़ते तनाव के कारण आज जीवन चिंता, उद्वेग व तनावपूर्ण हो गया है। जिसके फलस्वरुप मधुमेह जैसी बिमारीयों में भी वृध्दी हुई है।

भारतीय वैद्यकीय अनुसंधान संस्थान द्वारा किए गए सर्वेक्षण में पाया गया हैं कि मात्र ५ प्रतिशत भारतीय ही दैनिक व्यायाम करते है। साथ ही युवा पिढ़ी में प्रति ६ युवाओ में से एक युवक में मोटापा/स्थूलता पाई जाती है। उपरोक्त विषम आहार–विहार तथा जीवनशैली के कारण अधिकांश लोग या तो मधुमेह से ग्रस्त है या फिर वे मधुमेह के द्वार पर खड़े है।

उपाय

मधुमेह की पूर्वावस्था में सामान्य तौर पर थकान के लक्षण दिखते है। साथ ही कमजोरी, चक्कर आना, विषम व अत्याधिक भूख के लक्षण उत्पन्न होते है। तथा शरीर के भार में विषमता आ जाती है; इन्ही लक्षणो के मिलने पर मधुमेह की प्रारंभिक अवस्था का निदान होता है। यही समय सर्वोचित होता है जिसमें जड़ी बूटीयों की चिकित्सा सर्वाधिक लाभकारी है। मधुमेह की पूर्वावस्था में डायकेयर रस का नियमित सेवन करने से थकान, कमजोरी और विषम अग्नि में लाभ प्राप्त होता है।

डेल्टास डायकेयर रस रक्तशर्करा के चयापचय में प्राकृतिक रुप से लाभकारी है। साथ ही यह प्राकृतिक घटको से बना योग है, जिससे अचानक रक्तशर्करा के कम होने का भी खतरा नहीं रहता।

प्रोडक्ट परिचय

डेल्टास डायकेयर रस स्टेम सेल एक्टिवेटर काम्प्लेक्स से युक्त प्राकृतिक जड़ी बूटीयों से बना योग है, जो कि AGE (मधुमेह की कोशिकाओं में बनने वाला विष/आम) की रोकथाम करने में सक्षम है। स्वस्थ स्टेम सेल वार्धक्य की गति को कम करने में सक्षम होते है। शरीर के स्टेम सेल का विकास एवं पुर्नजन्म होने से, शरीरगत रोगो से निजात पाने में सहायता मिलती है। डेल्टास का डायकेयर रस अप्रतिम औषधी योग है जो कि शरीर के स्टेम सेल के संरक्षण और कार्यकारिता में सहायक है। यह योग प्राकृतिक संरक्षक (प्रीझरवेटीव) कार्नोसिक एसिड (तुलसी पत्र सार) से निर्मित किया गया है जो शरीर के लिए पूर्ण रुप से सुरक्षित और डायकेयर की कार्यकारिता को बढ़ाता है।

करेला और जामुन के विशिष्ट प्राकृतिक तत्व रक्तशर्करा का नियमन करते है। हल्दी इंसूलिन की कार्यक्षमता को बढ़ाकर, रक्तशर्करा का नियमन; अग्न्याशय की रक्षा करती है।

मधुमेह की पूर्वावस्था में आवश्यक रक्तशर्करा का नियमन, शरीर की उर्जा का नियंत्रण तथा अग्न्याशय और यकृत का संरक्षण करते हुए डेल्टास का डायकेयर रस मधुमेह में अत्यंत सहायक औषधी योग है।

संयोजन

डायकेयर रस के प्रत्येक १०मि.लि. में निम्न घटक हैं: शतावरी (कन्द) ४०%, कदली (कन्द/तना) ३०%, करेला (फल) २०%, जामुन (फल) ५%, वनहरिद्रा (कन्द) ५%, अन्य घटक (यथावश्यक)।

उपयोग

• मधुमेह की पूर्वावस्थाः २०मि.लि. रस भोजन से १५–२०मिनट पहले दिन में २ बार • मधुमेहः ३०मि.लि. रस भोजन से पहले दिन में ३ बार • शारीरिक शक्ति में कमी/कमजोरीः ३०मि.लि. रस दिन में २ बार • इन्सूलिन लेनेवालों रुग्णो मेंः २०–३० मि. लि. रस दिन में २–३ बार • रक्त में चर्बी/कोलेस्टेरोल की अधिकताः १०–२०मि.लि. दिन में २ बार रस का सेवन सभी आयु में श्रेयस्कर हैं। गर्भावस्था में डॉक्टरी सलाह पश्चात ही उपयोग करें।

मार्गदर्शन

• **मधुमेह रोगी जिन्हें कमजोरी होः** डेल्टास एक्टीव मेन/वुमन कैप्सूल और ऐलोवेरा जूस के साथ लें • **मधुमेह पूर्वावस्थाः** थर्मोजेनिक कैप्सूल के साथ लें • **थायरॉईड विकार मेंः** डायकेयर टैबलेट, थर्मोजेनिक जूस और वीटग्रास टैबलेट के साथ लें • **मधुमेहः** डायकेयर टैबलेट और आमला जूस के साथ लें • **रक्तचर्बी/कोलेस्टेरोल की अधिकताः** थर्मोजेनिक कैप्सूल और लिवकेयर टैबलेट के साथ लें • **अत्याधिक मूत्रताः** डायकेयर टैबलेट एवं वीटग्रास टैबलेट के साथ लें • **हाथ/पैरों में जलनः** एक्टीव मॅन/वूमॅन और वीटग्रास के साथ लें • **आँखों की बीमारीः** "विजन ऐड" और स्पिरुलीना टैबलेट के साथ लें।

Presentation: 500ml

KEY INGREDIENT(S)

Karela
Momordica charantia

Jamun
Syzygium cumini

- थकान कम करने में सहायक
- रक्त शर्करा संतुलन में सहायक
- हथेली और त्वचा की जलन एवं आंखों से संबंधित विकारों को कम करने में सहायक



SwasthVed®
SAPIENCE FOR NATURAL HEALTH

डायकेयर रस

अग्न्याशय (पैंक्रियास) की कोशिकाओं की रोजाना देखभाल और स्फूर्तियुक्त जीवनशैली के लिए

मधुमेह की पूर्वावस्था में ग्लूकोस के योग्य विभाजन के लिए स्टेमसेल एक्टिवेटर जड़ी–बुटीयों से लैश डायकेयर रस पैंक्रियास की कोशिकाओं के लिए एंटी–ऑक्सीडेंट योग है।

डायकेयर टैबलेट

आहार की शर्करा को नियंत्रित कर पैंक्रियास एवं लीवर के नियमन में सहायक

मधुमेह की समस्या से संपूर्ण विश्व झूझ रहा है, इसमें कोई भी आश्चर्य नहीं है कि किसी अन्य राष्ट्र के मुकाबले भारत में सबसे अधिक टाईप.२ डायबीटीस के रोगी पाए जाते है। योग्य समय पर किया गया निदान, पथ्य–अपथ्य और उपयुक्त चिकित्सा के माध्यम से मधुमेह का नियमन कर स्वस्थ जीवन व्यतीत किया जा सकता है। यद्यपि मधुमेह का संपूर्ण निवारण दुर्लभ होता है, परंतु योग्य चिकित्सा द्वारा हम मधुमेह से होने वाले दुष्परिणाम से मुक्ति पा सकते है। रक्तशर्करा का अनियमित होना ही मधुमेह दुष्परिणामो का मूल कारण होता है। यदि रक्तशर्करा नियमन पर ध्यान न रखा जाए तो किडनी, मस्तिष्क, हृदय, नेत्र और धमनियों पर अनेक प्रकार के दुष्परिणाम हो सकते है। अतः एक ऐसे उपाय की आवश्यकता है जो पथ्य–अपथ्य और व्यायाम के साथ पालन करने पर रक्त शर्करा का नियमन कर, मधुमेह में होने वाले दुष्परिणाम की रोकथाम करे।

उपाय

डेल्टास डायकेयर टैबलेट मधुमेह रोगी में रक्तशर्करा का प्राकृतिक रुप से नियमन करने का कार्य करती है। यह पूर्णतः प्राकृतिक योग होने के कारण; इसके सेवन से अचानक रक्तशर्करा के कम होने का खतरा भी नहीं रहता और साथ ही यह अन्य निर्देशित एलोपेथिक औषधी के साथ अनुपान के रुप में सुरक्षित है।

प्रोडक्ट परिचय

डायकेयर टैबलेट शत–प्रतिशत वनस्पति आधारित योग है। इसके घटक गुड़मार और दालचिनी अपने एंटी–ऑक्सीडेंट गुण के द्वारा आम का नाश करते है।

करेला और जामुन के विशिष्ट तत्व रक्तशर्करा का नियमन करते है। विजयसार और दालचिनी इंसूलीन की कार्यक्षमता को बढ़ाकर, रक्तशर्करा नियमन कर अग्न्याशय की रक्षा करते है। साथ ही यह मधुमेह में रेटीनोपेथी (नेत्र पटल में होने वाली क्षति) के प्रभाव को भी कम करते है।

डायकेयर टैबलेट के घटक द्रव्य रक्तगत इंसूलीन और सी पेप्टाईड को बढ़ाने में सहायक है। साथ ही यह डायबीटीस में उत्पन्न माइक्रो एलब्यूमिन्यूरिया (मूत्र द्वारा प्रोटीन निस्सरण) की अवस्था में भी लाभदायक है। यह टैबलेट शरीरगत उर्जा को बढ़ाकर, स्वास्थ्य वर्धन करती है।

संयोजन

प्रत्येक १०००मि.ग्रा. डायकेयर टैबलेट में निम्न घटक हैं: गुड़मार (पत्रघन) १५०मि.ग्रा., जामुन (बीज) १५०मि.ग्रा., करेला (फल) १००मि.ग्रा., दालचीनी (छाल) १००मि.ग्रा., विजयसार (छाल) १००मि.ग्रा., अन्य (यथावश्यक)।

उपयोग

• मधुमेहः २ टैबलेट भोजन से पहले दिन में २ बार • कमजोरी मेंः १ टैबलेट दिन में २ बार • इन्सुलिन लेने वाले मधुमेह रोगीयो मेंः २ टैबलेट दिन में २ बार • रक्त में मेद (Cholesterol) की अधिकताः १ टैबलेट दिन में २ बार • अधिक प्यास लगती हो तोः १ टैबलेट दिन में २ बार • विषम अग्निः १ टैबलेट दिन में २ बार • वारंवार मूत्रत्याग करनाः १ टैबलेट दिन में २ बार, सभी आयुवर्ग के लोग इसका सेवन कर सकते हैं परंतु गर्भावस्था एवं जिन्हें रक्तशर्करा की कमी की शिकायत हैं वे चिकित्सक से परामर्श के पश्चात ही सेवन करे।

मार्गदर्शन

• **नव नैदानिक मधुमेह में (१ वर्ष से कम):** ऐलोवेरा जूस के साथ ले • **रक्तचर्बी अधिकता:** लिवकेयर टैबलेट और थरमोजेनिक कैप्सूल के साथ ले • **मधुमेह की जटिलावस्था (Complication):** डायकेयर रस और स्पिरुलीना टैबलेट के साथ ले • **वजन कम करने हेतु:** थरमोजेनिक कैप्सूल के साथ ले • **हाथों/पैरों में जलन:** डायकेयर रस और वीटग्रास के साथ ले • **थायरॉयड की समस्या:** थरमोजेनिक कैप्सूल और लिवकेयर रस साथ ले।

Presentation: 1X30 Tablets

KEY INGREDIENT(S)

Karela
Momordica charantia

Jamun
Syzygium cumini

Gudmaar
Gymnema sylvestre

- रक्त शर्करा एवं कोलेस्ट्रोल स्तर के संतुलन में सहायक
- थायरॉयड एवं शरीर के वजन नियंत्रण में सहायक

डायकेयर टैबलेट

नियमित उपयोग से अग्न्याशय (पैंक्रियास) को सुरक्षित रखते हुए स्फूर्तियुक्त जीवनशैली का अनुभव करें

SwasthVed®
SAPIENCE FOR NATURAL HEALTH

डायकेयर टैबलेट के नियमित सेवन से लीवर की कोशिकाएं सुचारु होकर, विभिन्न प्रकार के ग्लूकोस के योग्य विभाजन करने में समर्थ हो जातीं हैं; ग्लायसेमिक इंडेक्स के संतुलन में सहायता मिलने से पैंक्रियास को बल प्राप्त होता है। डायबिटिज में होनेवाले कॉम्प्लीकेशन्स कम हो जातें है।

पाईल्सकेयर क्रीम

बाहरी बवासीर के लिए सुखदायक देखभाल।

अर्श मलद्वार में होने वाली एक सामान्य बिमारी है, जिसमें मलद्वार के आस पास की नसो में सूजन आ जाती है। अर्श रोगी में मलत्याग के समय रक्तस्त्राव, मलद्वार पर अत्याधिक खुजली व जलन, मलत्याग के समय दर्द एवं गुदा के आस पास दर्दयुक्त मस्से आदि लक्षण पाए जाते है। अर्श की उत्पत्ति का सबसे महत्त्वपूर्ण कारक मलबध्दता (Constipation) है। फिशर और फिस्टुला जैसे मलद्वार के अन्य रोगो में भी अर्श के भांती ही लक्षण पाए जाते है।

अधिकतर रोगियों में शर्म या घबराहट के कारण अर्श के निदान व उपचार में विलम्ब हो जाता है। फलस्वरुप बहुधा रोगियो द्वारा अर्श की लाक्षणिक चिकित्सा के लिए बाजार में उपलब्ध औषधी विकल्प का उपयोग किया जाता है परंतु इनमें से ज्यादातर अर्श की चिकित्सा के लिए प्रभावी नहीं होते।

अर्श का उद्गम विशेष रुप से यकृत की विषमता से होता है। यकृत से मलद्वार के तरफ जाने वाली धमनियों में विषम पाचन से उत्पन्न विष के कारण मलद्वार की त्वचा में विकृति उत्पन्न होकर मस्सो का निर्माण होता है। अतः मलद्वार की त्वचा को क्षतिरहित कर यकृत को सामान्य करना ही चिकित्सा का महत्त्वपूर्ण लक्ष्य होता है। इसीलिए अर्श के उपचार के लिए एक ऐसे प्रभावी आयुर्वेदिक योग की आवश्यकता है जो न केवल दर्द, जलन, खुजली, रक्तस्त्राव व्रण से राहत दिलाए बल्कि यकृत को भी प्रबल करे।

उपाय

डेल्टास पाईल्सकेयर क्रीम गहन अनुसंधान से निर्मित प्राकृतिक जड़ी–बूटीयो का योग है। इसमें उपलब्ध जड़ी–बूटीयां मलद्वार की श्लेष्म कला की क्षति को कम कर, पाईल्स के विविध स्थानिक लक्षणो से राहत प्रदान करती है। अर्श इस औषधि को हर उम्र के रोगी की परिधी में उत्पन्न मस्से की सूजन को कम कर, यह आयुर्वेदिक योग अर्श की प्रभावी दीर्घकालिक चिकित्सा में लाभदायक है।

प्रोडक्ट परिचय

पाईल्सकेयर क्रीम हल्दी, नीम जैसी गुणकारी जड़ी–बूटीयो के साथ विशुध्द आयुर्वेदोक्त जात्यादि तैल, कासिसादी तैल और यशद भस्म का अनुभूत योग है। यह सभी घटक द्रव्य मलद्वार की परिधी में उत्पन्न मस्सो की सूजन को कम करते है, रक्तस्त्राव को घटाकर गुदा के श्लेष्म कला की क्षति को कम करते है।

यह क्रीम अर्श के स्थानिक लक्षण रक्तस्त्राव, दर्द, जलन, खुजली व मलबध्दता को दूर कर, अर्श की चिकित्सा में सहायक योग है। इसके घटक द्रव्य अपने पीड़ानाशक गुण के द्वारा स्थानिक दर्द को कम कर, दर्द व जलन रहित मलत्याग में सहायक है। यह क्रीम अपने घटक द्रव्यो के रोगनाशक गुण द्वारा अन्य संक्रमण की भी रोकथाम करती है।

संपूर्ण रुप से प्राकृतिक योग होने के कारण यह औषधी हर उम्र के रुग्ण इस्तेमाल कर सकते है।

संयोजन

प्रत्येक १०ग्राम पाईल्सकेयर क्रीम में जात्यादि तैल (शास्त्रीय योग) ०.६%; कासीसादी तैल (शास्त्रीय योग) ०.४%; नीम बीज तैल ०.२%; यशद भस्म (शास्त्रीय योग) ०.५%; अन्य घटक (यथावश्यक)।

उपयोग

नाखुनो को छोटे रखकर साफ उंगली से क्रीम का स्थानिक उपयोग करे • मलद्वार में खुजलीः दिन में २ बार उपयोग करे • अर्शः दिन में ३ बार हल्के हाथों से लगाएँ • रक्तस्त्रावयुक्त अर्शः दिन में ३–४ बार हल्के हाथों से लगाएँ • मस्सो के लिएः मस्सों पर २–३ बार लगाएँ, ऐसा करने से मस्सें बढ़ेगें नहीं • जलनः मलद्वार में दिन में २ बार लगाएँ।

मार्गदर्शन

• **मलद्वार में खुजलीः** पाईल्सकेयर क्रीम का उपयोग करे • **अर्शः** पाईल्सकेयर टैबलेट एवं लिवकेयर सिरप के साथ लें • **रक्तस्रावयुक्त अर्शः** पाईल्सकेयर टैबलेट एवं लिवकेयर टैबलेट के साथ लें • **मलबध्दताः** ऐलोवेरा जूस के साथ लें।

नोटः यकृत विषमता को कम करने के लिए पाईल्सकेयर टैबलेट का सेवन अर्श की चिकित्सा के लिए आवश्यक होता है।

Presentation: 30g

KEY INGREDIENT(S)

Jati
Jasminum grandiflorum

Nimba
Azadirachta indica

- मल की कठोरता को कम करने में सहायक
- सामान्य मल त्याग में सहायक
- गुदा में खुजली एवं दर्द को कम करने का आयुर्वेदिक योग

SwasthVed®
SAPIENCE FOR NATURAL HEALTH

पाइल्सकेयर क्रीम

घाव को भरने तथा सूजन को कम करने में सहायक

पाइल्सकेयर क्रीम बवासीर के कारण होने वाली तकलीफों जैसे दर्द, खुजली व असुविधा में तुरन्त आराम दिलाती है तथा बाहरी बवासीर के मस्सों का उपचार करती है।

पाईल्सकेयर टैबलेट

मलाशय और मलद्वार की क्षतिपूर्ती एवं बवासीर के यकृतजन्य हेतु के उपचार के लिए अनुभूत योग

अर्श मलद्वार का एक सामान्य रोग है। अर्श रोग की उत्पत्ति का महत्त्वपूर्ण कारक मलबध्दता (Constipation) है। अर्श से पीड़ित करीब करीब हर रोगी में मलबध्दता व यकृत विकार पाए जाते है। साथ ही कई बार अर्श का आपरेशन कराने के पश्चात् भी अधिकांश रोगियों में सतत मलबध्दता के कारण अर्श की पुनःउत्पत्ति हो जाती है। मलबध्दता की रोकथाम के लिए स्वस्थ और संतुलित पथ्य आहार का पालन करना आवश्यक है। परंतु आज की भाग दौड़ वाली रोजमर्रा के जीवन में पथ्य आहार का पालन कर पाना कई लोगो के लिए चुनौतीपूर्ण है।

इसीलिए अर्श की प्रभावी चिकित्सा के लिए ऐसे आयुर्वेदिक योग की आवश्यकता है जो दर्द, खुजली, जलन, रक्तस्त्राव के साथ–साथ अर्श के मूल कारक मलबध्दता से राहत देकर, यकृत के स्वास्थ्य को बनाए रखे।

उपाय

डेल्टास पाईल्सकेयर टैबलेट गहन संशोधन द्वारा निर्मित जड़ी–बूटीयों का प्राकृतिक योग है जो न केवल अर्श के लक्षण जैसे रक्तस्त्राव आदि से राहत दिलाता है बल्कि भूख को बढ़ाकर, पाचन को सुधारता है और साथ ही मलत्याग की प्रक्रिया को सुगम बनाकर, गुदामार्ग की धमनियों पर मलत्याग के दौरान आने वाले दबाव को कम करता है। जिससे अर्श के विकसित होने की संभावना कम हो जाती है। यह योग मलद्वार की परिधी में आए मस्सो को कम करता है और इसके कार्यकारी घटक द्रव्य वनस्पतिज म्यूसिलेज मलद्वार की श्लेष्म कला एवं यकृत की धमनियो की क्षतिपूर्ती करते है।

प्रोडक्ट परिचय

पाईल्सकेयर टैबलेट के घटक हरितकी, बेल, घृतकुमारी एवं सनाय मलबध्दता का नाश कर, मलत्याग की प्रक्रिया को सुगम बनाते है। साथ ही अदरक, चित्रक और टंकण अपने शोथनाशक गुण द्वारा मलद्वार की धमनियों की सूजन और स्थानिक दर्द कम करते है। इसमें उपस्थित अर्शकुठार रस आयुर्वेद के ग्रंथो में बतायी हुई विशिष्ट औषधी है, जो अर्श के प्रभाव को तुरंत कम कर, रक्तस्त्राव से राहत पाने के लिए सहायक है।

संक्षेप में इस योग के सभी घटक द्रव्य मलद्वार की परिधी के मस्सों और रक्तस्त्राव को कम कर, गुदा की श्लेष्मकला की क्षतिपूर्ती करते है। साथ ही अन्य लक्षण जैसे दर्द, जलन, खुजली, सूजन से भी राहत दिलाते है। अपने दर्दनाशक गुण द्वारा पीड़ारहित मलत्याग में लाभदायक है। पाचन तंत्र को सुधारकर यह कब्जियत के कारण होने वाली अर्श की पुनरावृत्ती की संभावना को यह योग कम करता है।

संयोजन

प्रत्येक १०००मि.ग्रा. पाईल्सकेयर टैबलेट में निम्न घटक हैं: अर्शकुठार रस (शास्त्रीय योग) १६०मि.ग्रा.; बोल पर्पटी (शास्त्रीय योग) २०मि.ग्रा.; घृतकुमारी पत्रमज्जा ५०मि.ग्रा.; शुध्द सुराणा १००मि.ग्रा.; नागकेशर पुष्प ५० मि.ग्रा.; निशोथमूल छाल ५० मि.ग्रा.; सनायपत्र ५०मि.ग्रा.; शुध्द टंकण २५मि.ग्रा.; अन्य घटक (यथावश्यक)।

उपयोग

• अर्श/बवासीरः २–३ टैबलेट दिन में २ बार • रक्तस्राववाला अर्शः २–३ टैबलेट दिन में ३ बार • मस्सों के बढ़ने परः २–३ टैबलेट दिन में २ बार • मलबध्दताः २–३ टैबलेट रात्री में कोष्ण जल के साथ • अपचन/पेट फूलनाः १–२ टैबलेट दिन में २ बार • अर्श के शल्यक्रिया पश्चातः १–२ टैबलेट दिन में २ बार। पाईल्सकेयर टैबलेट सामान्य रुप से भोजन के पहले लेना योग्य होता है।

मार्गदर्शन

• **अर्श/बवासीरः** पाईल्सकेयर क्रीम लगाएँ और लिवकेयर सिरप के साथ लें
• **रक्तस्राववाला अर्शः** पाईल्सकेयर क्रीम लगाएँ और लिवकेयर टैबलेट के साथ लें
• **मलबध्दता/कब्जः** ऐलोवेरा जूस के साथ लें। • **मस्सों के बढ़ने परः** पाईल्सकेयर क्रीम लगाएँ और लिवकेयर टैबलेट के साथ लें
• **अपचन/पेट फूलनाः** एण्टासिड टैबलेट के साथ लें • **अर्श शल्यक्रिया पश्चातः** ऐलोवेरा जूस और वीटग्रास टैबलेट के साथ लें।

Presentation: 1X30 Tablets

KEY INGREDIENT(S)

Surana
Amorphophallus campanulatus

Sunthi
Zingiber officinale

- मल की कठोरता, मल त्याग के दौरान रक्त स्त्राव एवं गुदा में सूजन कम करने में सहायक
- सर्जरी के बाद अपचन, सूजन को कम करने में सहायक

SwasthVed®
SAPIENCE FOR NATURAL HEALTH

पाईल्सकेयर टैबलेट

मलद्वार की कोशिकाओं के घाव भरने में सहायता कर बवासीर के रक्तस्त्राव में राहत दे।

डेल्टास पाइल्सकेयर टैबलेट, लीवर की क्रिया का समायोजन कर बवासीर की तीव्रता को कम करे; मल को ढीला कर मलविसर्जन प्रक्रिया में होने वाले दर्द से राहत दे, आँतों की सहायता कर मलविसर्जन प्रक्रिया आसान बनाये।

REPAIRS & REJUVENATES SKIN FROM ROOT • IMMUNO-MODULATOR •

सोरिनो क्रीम

सोरायसिस में उत्पन्न त्वचा विकार के उपचार में आयुर्वेदिक जड़ी–बूटीयों का अनोखा योग

सोरायसिस एक गंभीर त्वचा रोग है। यह त्वचा के पाँच पटलो में से सबसे बाहरी पटल एपिडरमिस में आश्रित होता है। इस रोग में त्वचा कोशिकाओं के निर्माण की गति असामान्य होती है। सामान्य तौर पर त्वचा की कोशिकाओं का निर्माण २७ दिनो में होता है, परंतु सोरायसिस से प्रभावित होकर ५–६ दिन में ही त्वचा कोशिकाओं की निर्मिती होने लगती है। इस गतिशील कोशिकाओं की उत्पत्ति से श्वेत पपड़ी, लाल चकत्ते, दर्द, खुजली, जलन व स्त्राव की उत्पत्ति होती है। सोरायसिस रोग के पांच प्रकार में से प्लाक सोरायसिस अधिकांश लोगो में पाया जाता है। विश्व की ३–५ प्रतिशत जनसंख्या इस रोग से पिड़ित है। सोरायसिस लक्षणो (दर्द, खुजली, लाल चकत्ते इत्यादि) के फलस्वरुप रुग्ण सामान्य तौर पर लोगो से मिलने–जुलने में बाधा महसूस करते है। सोरायसिस के लक्षणो की चिकित्सा के लिए प्राकृतिक जड़ी–बूटीयों से बनी स्थानिक औषधीयां अधिक प्रभावशाली होती है। अतः एक ऐसे प्राकृतिक योग की आवश्यकता है जो रोग के स्थान पर कार्य कर खुजली, जलन, लाल चकत्ते, श्वेत पर्पटी आदि लक्षणो से राहत दिलाकर रोगी के आत्मविश्वास और जीवनशैली की गुणवत्ता को बढ़ाए।

उपाय

डेल्टास सोरिनो क्रीम सोरायसिस की चिकित्सा के लिए जड़ी–बूटीयों से बना प्राकृतिक लेप है। इसके घटक, जड़ी–बूटीयों पर किए गए संसोधन से ज्ञात हुआ है की त्वचा की श्वेत पर्पटी, लालिमा तथा सूजन को बढ़ाने वाले कारक (TNF- α) का शमन करते है। फलस्वरुप सोरिनो क्रीम सोरायसिस के लक्षणो को कम करने के लिए सहायक औषधी है। साथ ही त्वचा की अन्य विकृतियों में सोरिनो क्रीम स्थानिय व्रण रोपण कर त्वचा को निरोगी रखने में सहायक है। सोरिनो क्रीम के नियमित उपयोग से सोरायसिस की पुनरावृत्ति व अन्य उपद्रवों की रोकथाम की जा सकती है।

प्रोडक्ट परिचय

सोरिनो क्रीम के प्राकृतिक औषधी गुणो से परिपूर्ण घटक द्रव्य अश्वगंधा व कृष्णबीज त्वचा के कोशिकाओं के निर्माण की गति सामान्य कर, प्लाक का शमन करते है। हरिद्रा, नीम और गोधूम शोथनाशक व एलर्जीविरोधी गुणयुक्त है; यह त्वचा के संक्रमण को कम कर, घाव भरने का कार्य करते है। गोधूम और ओलिव तैल त्वचा को स्निग्धता प्रदान कर, त्वचा की शुष्कता कम कर खुजली कम करते है। बाकुची त्वचा की लालिमा एवं खुजली का नाश कर, त्वचा के वर्ण को सामान्य करने में सहायक है। रासायनिक स्टेरॉयड रहित सोरिनो क्रीम पूर्णतः प्राकृतिक योग है। यह त्वचा की कोशिकाओं के निर्माण की गति सामान्य कर, एपिडरमिस में रक्त के संचरण को बढ़ा कर, त्वचा की लालिमा श्वेत पर्पटी, दर्द, खुजली आदि लक्षणो को कम करती है।

संयोजन

प्रत्येक १०ग्राम. सोरिनो क्रीम में निम्नलिखित घटक हैं: अश्वगंधा (मूल) ७५मि.ग्रा.; कृष्णबीज (फल) ७५मि.ग्रा.; अपामार्ग (मूल) ७५मि.ग्रा.; सनाय (पत्र) ५०मि.ग्रा.; वीरा मूल (मूल) ५०मि.ग्रा.; हरिद्रा (मूल) ५०मि.ग्रा.; नीमबीज (तैल) १००मि.ग्रा.; गोधूम (तैल) १००मि.ग्रा.; जैतुन (तैल) १००मि.ग्रा.; बाकुची बीज (तैल) ३००मि.ग्रा.; क्रीम बेस (यथावश्यक)।

उपयोग

• खुजली: क्रीम को हल्के हाथों से ग्रसित भाग में मालिश करे • प्लाक् सोरायसिस (चकत्तो पर): क्रीम को हल्के हाथों से ग्रसित भाग में दिन में ३–४ बार मालिश करे • त्वचा की लालिमा/दाह: क्रीम को हल्के हाथों से ग्रसित भाग में दिन में २ बार मालिश करे • दाग/धब्बे या निशान: क्रीम को हल्के हाथों से ग्रसित भाग में दिन में २–३ बार मालिश करे • त्वचा की सूजन में: क्रीम को हल्के हाथों से ग्रसित भाग में दिन में २ बार मालिश करे • एक्जीमा/तीव्र कण्डु: क्रीम को हल्के हाथों से ग्रसित भाग में दिन में २–३ बार मालिश करे • सीबोरीक डरमाटाईटिस: क्रीम को हल्के हाथों से ग्रसित भाग में दिन में २–३ बार मालिश करे • साधारण कटना/छिलना: क्रीम को हल्के हाथों से ग्रसित भाग में दिन में २–३ बार मालिश करे।

मार्गदर्शन

• **खुजली:** लिवकेयर सिरप और डेल्टास न्यूस्किन कैप्सूल के साथ ले • **प्लाक् सोरायसिस (चकत्तो पर):** लिवकेयर सिरप, लिवकेयर टैबलेट और डेल्टास नूस्किन कैप्सूल के साथ ले • **दागधब्बों पर:** डेल्टास न्यूस्किन कैप्सूल के साथ ले • **मुहांसो पर:** ऐलोवेरा जूस और फेसनिखार क्रीम के साथ ले • **एक्जीमा:** ऐलोवेरा जूस, लिवकेयर सिरप एवं डेल्टास न्यूस्किन कैप्सूल के साथ ले • **सीबोरीक डरमाटाईटिस:** लिवकेयर टैबलेट और डेल्टास न्यूस्किन कैप्सूल के साथ ले।

Presentation: 100g

KEY INGREDIENT(S)

Bakuchi
Psoralea corylifolia

- सोरायसिस से होने वाली खुजली और विकृत त्वचा के लिए दुर्लभ जड़ी–बूटियों युक्त आयुर्वेदिक योग
- खुजली से त्वचा पर बनने वाली पपड़ी एवं उसमें होने वाली जलन को कम करने में सहायक

SwasthVed®
SAPIENCE FOR NATURAL HEALTH

सोरिनो क्रीम

सोरिनो क्रीम; त्वचा की जलन, खुजली, पपड़ी और सूखापन से शीघ्र राहत दे

त्वचा व्याधिरोधक क्षमता का विकास करने वाले जड़ी–बूटीयों के योग से त्वचा के सूखेपन में राहत दे; सूजन, लालिमा, खुजली कम करें, त्वचा की इम्युनिटी बढ़ाए, पपड़ी बनने की गति न्यूनतम कर सोरायसिस में राहत पाएं।

REPAIRS & REJUVENATES SKIN FROM ROOT • IMMUNO-MODULATOR •

सोरिनो टैबलेट

त्वचा की सूजन से होने वाले विकारों के लिए प्राकृतिक आयुर्वेदिक योग

त्वचा हमारे शरीर का सबसे बड़ा अवयव है। सोरायसिस एक गंभीर त्वचा रोग है जिसमें त्वचा कोशिकाओं के निर्माण की गति असामान्य होकर, त्वचा पर श्वेत पपड़ी के साथ लाल रंग के चकत्तों की उत्पत्ति होती है। इस रोग में त्वचा पर लालिमा के साथ साथ खुजली, जलन, दर्द व स्त्राव भी उत्पन्न होता है। सोरायसिस रोग के पांच प्रकारो में से प्लाक सोरायसिस अधिकांश लोगों में पाया जाता है। सोरायसिस से पीडित रुग्ण न केवल शारीरिक लक्षणों का सामना करते है, बल्कि दर्द व खुजली के कारण सामाजिक तौर पर लोगो से मिलन–जुलने में बाधा महसूस करते है। सोरायसिस के प्राथमिक लक्षण जैसे खुजली, जलन व दर्द की चिकित्सा के लिए प्राकृतिक जड़ी–बूटीयो से निर्मित योग; सुरक्षित व प्रभावी सिध्द होते है। अतः एक ऐसे प्राकृतिक योग की आवश्यकता है जो सोरायसिस के मूल कारण पर चिकित्सा कर खुजली, जलन, लाल चकत्तों, श्वेत पपड़ी, दर्द इत्यादि लक्षणों से राहत दिलाकर, रुग्ण के आत्मविश्वास व जीवनशैली की गुणवत्ता को बढ़ाये।

उपाय

डेल्टास सोरिनो टैबलेट रोग प्रतिरक्षा का नियमन करने वाली जड़ी–बूटीयों का प्राकृतिक योग है। इसकी घटक जड़ी–बूटीयो पर किए गए संशोधक अध्ययन से ज्ञात हुआ है कि ये सोरायसिस के लक्षणो को बढ़ाने वाले (TNF- α) (सूजन, श्वेत पपड़ी व लालिमा को बढ़ाने वाला शारीरिक तत्व) का शमन करते है। इस तरह सोरिनो टैबलेट सोरायसिस के लक्षणो का शमन करने वाली प्राकृतिक उपाय है। साथ ही अन्य कई त्वचा की विकृतियों में भी सोरिनो टैबलेट व्रण रोपण कर त्वचा को निरोगी रखने में सहायक है।

प्रोडक्ट परिचय

डेल्टास सोरिनो टैबलेट के प्राकृतिक औषधीय गुणो से परिपूर्ण घटक द्रव्य जैसे नीम, सहिंजन, खदिर और मंजिष्ठा त्वचा के ऊपरी सतह की कोशिकाओं के निर्माण प्रक्रिया की गति को सामान्य कर, श्वेत पपड़ी, लाल चकत्तो (प्लाक) का शमन करते है। साथ ही मंजिष्ठा अपने केराटोलायटिक (Keratolytic) गुण द्वारा त्वचा की मृत त्वचा कोशिकाओं का परिमार्जन कर, त्वचा को मुलायम व नरम बनाती है। इस योग के सभी घटक द्रव्य त्वचा की कोशिकाओं के निर्माण की गति को सामान्य कर, प्लाक तथा सूजन का शमन करते है। साथ ही रोगाणु विरोधी गुण द्वारा सभी प्रकार के संक्रमण से सुरक्षा प्रदान कर, रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाते है। किसी भी प्रकार के रसायनिक तत्व एवं स्टेरॉयड से रहित सोरिनो टैबलेट पूर्णतः प्राकृतिक योग है। सोरिनो टैबलेट का उपयोग सभी आयुवर्ग के व्यक्ति कर सकते है।

संयोजन

प्रत्येक १०००मि.ग्रा., सोरिनो टैबलेट में निम्न घटक द्रव्य हैं: नीम १००मि.ग्रा., सहिंजन १००मि.ग्रा., खदिर ८०मि.ग्रा., मंजिष्ठा ६०मि.ग्रा., गिलोय ६०मि.ग्रा., दारुहल्दी ५०मि.ग्रा., त्रिफला ४०मि.ग्रा., बाकुची १५मि.ग्रा., शिरीष ४५०मि.ग्रा., स्वर्णगैरिक १५मि.ग्रा., शुद्ध गंधक (शास्त्रोक्त) १०मि.ग्रा., अन्य घटक द्रव्य (यथावश्यक)।

उपयोग

• सोरायसिस रोग में: २ टैबलेट रोजाना दिन में २ बार भोजनोपरांत ले • विभिन्न त्वचा रोगों में: १ टैबलेट रोजाना दिन में २ बार भोजनोपरांत ले • त्वचा की एलर्जी में: १ टैबलेट रोजाना दिन में २ बार भोजनोपरांत ले • त्वचा पर चकत्ते: १ टैबलेट रोजाना दिन में २ बार भोजनोपरांत ले • त्वचागत संक्रमण: १–२ टैबलेट रोजाना दिन में २ बार भोजनोपरांत ले • त्वचा पर फोड़ा/फुंसी: २ टैबलेट रोजाना दिन में २ बार भोजनोपरांत ले • त्वचा के कटने/छीलने पर: १ टैबलेट रोजाना दिन में २ बार भोजनोपरांत ले • त्वचा की खुजली: १ टैबलेट रोजाना दिन में २ बार भोजनोपरांत ले • मुहांसे: १ टैबलेट रोजाना दिन में २ बार भोजनोपरांत ले।

मार्गदर्शन

• **सोरायसिस रोग:** सोरिनो क्रीम और डेल्टास न्यूस्किन कैप्सूल के साथ ले • **विभिन्न त्वचा रोगों में:** सोरिनो क्रीम और डेल्टास न्यूस्किन कैप्सूल, लिवकेयर टैबलेट और आमला जूस के साथ ले • **त्वचा की एलर्जी:** सोरिनो क्रीम और डेल्टास न्यूस्किन कैप्सूल के साथ ले • **त्वचा पर चकत्ते:** सोरिनो क्रीम और डेल्टास न्यूस्किन कैप्सूल के साथ ले • **त्वचागत संक्रमण:** सोरिनो क्रीम और वीटग्रास टैबलेट के साथ ले • **त्वचा पर फोड़ा/फुंसी:** सोरिनो क्रीम और लिवकेयर टैबलेट और पंचतुलसी ड्रॉप्स के साथ ले • **त्वचा के कटने/छीलने पर:** सोरिनो क्रीम और स्पिरुलीना टैबलेट के साथ ले • **त्वचा की खुजली:** सोरिनो क्रीम, डेल्टास न्यूस्किन कैप्सूल और लिवकेयर टैबलेट के साथ ले • **मुहांसे:** सोरिनो क्रीम और फेस निखार क्रीम का उपयोग करे।

Presentation: 1X30 Tablets

KEY INGREDIENT(S)

Sirish
Albizzia lebbeck

- सोरायसिस, एग्ज़िमा, त्वचा की एलर्जी, चकत्ते, फंगल/बैक्टिरियल त्वचा संक्रमण को कम करने में सहायक
- खुजली से त्वचा पर होने वाली सूजन व पपड़ी एवं पित्ती को कम करने में सहायक
- मुहासों को कम करने में सहायक

SwasthVed®
SAPIENCE FOR NATURAL HEALTH

सोरिनो टैबलेट

त्वचा विकार के आंतरिक कारणों की रोकथाम कर जलन, सूजन, पपड़ी और लालिमा से आराम पाए

त्वचा व्याधिरोधक क्षमता का विकास करने वाली जड़ी–बूटीयों के योग से त्वचा के सूखेपन में राहत दे; सूजन, लालिमा, खुजली कम करें, त्वचा की इम्युनिटी बढ़ाएं, पपड़ी बनने की गति न्यूनतम होकर सोरायसिस में राहत पाएं।

टॉप ओमेगा कैप्सूल

टॉप ओमेगा प्राकृतिक दुर्लभ जड़ी बूटियों से संगृहीत फैटी एसिड युक्त शारीरिक व मानसिक थकान दूर करने के लिए एक आयुर्वेदिक समाधान

आज की दौड़.भाग की ज़िंदगी में सभी आयु वर्गों के लिये शारीरिक व मानसिक थकान एक सामान्य स्थिति बन चुकी है। फैटी एसिड और आवश्यक फैटी एसिड (EFA) खाद्य तेलों में प्राकृतिक संपूर्ण आहार के रूप में पाए जाते हैं। अनावश्यक फैटी एसिड पाचन क्रिया द्वारा निर्मित होते हैं परंतु आवश्यक फैटी एसिड शरीर द्वारा नहीं बनाए जा सकते इसलिए आवश्यक फैटी एसिड की पूर्ति केवल प्राकृतिक तैलीय आहारों के माध्यम से ही संभव है।

अनियमित दिनचर्या और आधुनिक जीवन शैली के प्रभाव स्वरूप प्रतिदिन लिए जाने वाले आहार में आवश्यक तेलों जैसे तेल, घी और फ़ैट के कम उपयोग के कारण (जिनमें अतिआवश्यक फैटी एसिड शामिल हैं), शरीर में इनकी कमी हो जाती है। जिससे माँसपेशियों, नसों व मस्तिष्क को स्वस्थ बनाए रखने के लिए अतिआवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति नही हो पाती जिसके कारण शरीर में हमेशा जकड़न, सुस्ती व थकान महसूस होती है। दूसरी तरफ तेल, घी और वसा के ज़्यादा उपयोग से मोटापा, हाई बी.पी., शुगर आदि जैसे पाचन क्रिया संबंधी रोग हो जाने का डर सताता हैं। ऐसी भ्रमित विचारधारा के फलस्वरूप टॉप ओमेगा कैप्सूल का प्राथमिक उद्देश्य, अनावश्यक फैटी एसिड की मात्रा को ना बदाते हुए, फैटी एसिड और अतिआवश्यक फैटी एसिड का संतुलित सेवन प्रदान करते हुए शरीर को रोगमुक्त बनाए रखना है।

समाधान

टॉप ओमेगा कैप्सूल बनाते वक्त टॉपटाइम द्वारा प्रयोग की जाने वाली कम रोशनी एवं तापमान वाली आधुनिक तकनीक यह सुनिश्चित करती है कि ओमेगा ३,६,७ और ६ फैटी एसिड की माइक्रो संरचना शुद्ध एवं पूर्ण हो ताकि यह शरीर में अतिआवश्यक व अनावश्यक फैटी एसिडस का संतुलन बनाए रख सकें।

उत्पाद

टॉप ओमेगा कैप्सूल ६ प्रकार के विशेष प्राकृतिक शुद्ध बीजों के तेल जैसे अखरोट के तेल, भांग के बीज के तेल, सरसो के तेल, सोयाबीन के तेल, जैतुन के तेल और अलसी बीज के संशोधित तेल से बनाया जाता है। यह संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पेड़ पौधों से संगृहीत, अतिआवश्यक और दुर्लभ फैटी एसिड प्रदान करता है।

